# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## कॉफी का निर्यात

### ❖ हालिया संदर्भ :

- परंपरागत रूप से चाय निर्यातक के रूप में भारत वैश्विक कॉफी बाजार में भी अपनी पहुंच बना रहा है।
- *** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2024–25 के दौरान नवंबर के अंत तक कुल कॉफी निर्यात पहली बार एक बिलियन डॉलर के पार कर गया।

### ❖ मुख्य कारक :

- रोबस्टा कॉफी की कीमतों में आए उछाल ने इस रिकार्ड–स्तर को पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- दुनिया भर में रोबस्टा कॉफी का उत्पादन वैश्विक कुल उत्पादन के 40% के बराबर होता है।
- यूरोपीय संघ के नए वन कटाई विनियमन से पहले कॉफी स्टॉकिंग की प्रवृत्ति ने भी इसके कीमत को बढ़ाने में प्रेरक का कार्य किया है।



### ❖ *** आंकड़े :

- इस वर्ष अप्रैल–नवंबर के दौरान भारत का कॉफी निर्यात 1146.9 मिलियन डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर तक पहुंच गया।
- इसी दौरान पिछले वर्ष में काफी का निर्यात 803.8 मिलियन डॉलर का था, जो 29% वृद्धि को दर्शाता है।
- वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश का कुल कॉफी निर्यात केवल 460 मिलियन डॉलर था।

## ❖ कीमत में उछाल :

- वियतनाम एवं ब्राजील जैसे कॉफी उत्पादक देशों में आपूर्ति संबंधी समस्याओं के कारण रोबस्टा की कीमत वैश्विक स्तर पर बढ़ी है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में रोबस्टा बीन की कीमत 63% बढ़ी है।
- दुनिया के सबसे बड़े चाय निर्यातकों में से एक श्रीलंका में आए आर्थिक आपातकाल के बाद कॉफी के खुले नए बाजार तक पहुंच बनाने में भारत ने सफलता पाई है।

## ❖ वर्षवार विवरण :

| वर्ष (अप्रैल–नवंबर) | निर्यात (मिलियन डॉलर) |
|---|---|
| 2020-21 | 460.7 |
| 2021-22 | 621.5 |
| 2022-23 | 765.6 |
| 2023-24 | 803.8 |
| 2024-25 | 1146.9 |

## ❖ उत्पादक कारक :

- यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रीकल्चर (USDA) की एक रिपोर्ट के अनुसार, फलों के पकने के समय में ब्राजील में आए सूखे और उच्च तापमान ने उत्पादन को कम कर दिया।
- ब्राजील में अरेबिका एवं रोबस्टा के उत्पादन में आए कमी से उसका निर्यात 40.5 मिलियन बैग तक सीमित हो जाने का अनुमान है।
- *** ब्राज़ील दुनिया का सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन में 40% का योगदान देता है।
- दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कॉफी उत्पादक वियतनाम के निर्यात में भारी कमी की संभावना है।

## ❖ भारत में उत्पादन :

- *** कॉफी बोर्ड के अनुसार, 2022-23 के दौरान 2.48 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ कर्नाटक में चिकमंगलुरु, कोडागू और हसन अरेबिका और रोबस्टा कॉफी के सबसे बड़े उत्पादक क्षेत्र रहे।
- *** केरल 72,425 मीट्रिक टन के साथ दूसरे एवं तमिलनाडु 18,700 मीट्रिक टन के साथ तीसरे स्थान पर है।

## ❖ प्रमुख गंतव्य :

- *** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024–25 के दौरान भारत का शीर्ष गंतव्य यूरोपीय संघ रहा, जिसमें बेल्जियम, जर्मनी और इटली का हिस्सा लगभग 50% रहा।
- *** अन्य गंतव्यों में रूस, UAE और USA शामिल है, जिनका भारत के कुल निर्यात में 20% का हिस्सा रहा।

**Note :–** अमेरिका, जर्मनी, इटली एवं फ्रांस वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े आयातक है।

## ❖ EUDR का प्रभाव :

- यूरोपीय संघ के वनों की कटाई विनियमन (EUDR) का उद्देश्य यूरोपीय संघ में वनों के कटाई वाले क्षेत्रों से प्राप्त उत्पादों की बिक्री को रोकना है।
- यूरोपीय खरीददार विनियमन लागू होने से पहले अपना स्टॉक बनाकर रखना चाहते हैं।
- यूरोपीय संघ ने विनियमन की सीमा 1 वर्ष के लिए बढ़ा दी है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, EUDR के लागू होने से भारतीय कृषि निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा।
- थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के अनुसार, EUDR से प्रभावित होने वाले प्रमुख उत्पादों में कॉफी, चमड़े की खाल, ऑयलकेक, पेपर बोर्ड, कागज एवं लकड़ी के फर्नीचर शामिल है।
- भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ के जटिल नियम एवं अनुपालन से भी गुजरना होगा, जो अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता से संबंधित होता है।

## ❖ *** कॉफी बोर्ड :

- इसकी स्थापना ब्रिटिश काल में ही संसद द्वारा पारित एक एक्ट के तहत हुई थी अर्थात यह एक सांविधिक निकाय है।
- यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा प्रबंधित एक स्वायत्त संगठन है।
- इसका HQ बेंगलुरु में है।
- इसका उद्देश्य भारत में कॉफी अनुसंधान एवं कॉफी उत्पादन तथा निर्यात को बढ़ावा देना है।
- भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद से कॉफी विपणन में निजी क्षेत्रों का वर्चस्व है।

Result Mitra

## ❖ कॉफी विशिष्ट क्षेत्र :

- भारत में कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु के अलावा ओडिशा एवं आंध्रप्रदेश में भी बड़े पैमाने पर कॉफी उत्पादक क्षेत्रों का विकास हुआ है।
- *** पूर्वोत्तर राज्यों (Seven Sisters) में भी काफी का उत्पादन होता है।

**Note :–** Seven Sisters State में असम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड एवं अरुणाचल प्रदेश शामिल है।

- भारतीय कॉफी दुनिया भर में सबसे अच्छा माना जाता है, क्योंकि इसे छाया–क्षेत्र में उगाया जाता है जबकि अन्य देशों में यह सीधी धूप में उगाया जाता है।
- भारतीय कॉफी को 'भारतीय मानसून कॉफी' भी कहा जाता है क्योंकि यह दक्षिणी–पश्चिमी मानसून के दौरान उगाया जाता है।

## ❖ *** मुख्य कॉफी किस्म :

1. **अरेबिका :–** यह कुर्ग, कोडागू, चिकमंगलूर एवं बाबा बूदन की पहाड़ियों में उगाया जाता है, जिसे स्थानीय नामों से जाना जाता है।

2. **रोबस्टा :–** केरल के वायानाड क्षेत्र में इसे प्रमुखता से उगाया जाता है।
3. **अराकू वैली अरेबिका :–** यह आंध्र प्रदेश एवं ओडिशा के पहाड़ी क्षेत्रों में उगाया जाता है।

**Note :–** कॉफी एक उष्णकटिबंधीय पेड़ है लेकिन इसे उपोष्ण–कटिबंधीय क्षेत्रों में भी उगाया जा सकता है।

**Note :–** ब्राजील में कॉफी बागानों को 'फजेंड़ा' कहा जाता है।

**Note :–** ब्राजील का सेंटोस शहर "कॉफी–बंदरगाह" एवं साओ–पोलो 'कॉफी–मंडी' के रूप में प्रसिद्ध है।

**MCQ–1 :** निम्न में से सत्य कथन के आधार पर उचित विकल्प को चुने–

1. भारत में दक्षिणी राज्यों के अलावा कॉफी की खेती किसी अन्य क्षेत्र में नहीं होती है।
2. भारत का कॉफी निर्यात पिछले 5 वर्षों में लगातार बढ़ा है।
3. कॉफी बोर्ड एक सांविधिक निकाय है, जो वित्त मंत्रालय के अधीन है।
4. ब्राजील विश्व में कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक है।

a) केवल 2 एवं 3
b) केवल 1, 2 एवं 3
c) केवल 1, 3 एवं 4
d) केवल 2 एवं 4

Ans.–(d)

Result Mitra


हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806